NDIS (एनडीआइएस) सहायता प्राप्त करना

बहुसांस्कृतिक सहकर्मी नेटवर्क

NDIS (एन डी आई एस) के बारे में

- NDIS (राष्ट्रीय विकलांगता बीमा स्कीम-नेशनल डिसेबिलिटी इंश्योरेंस स्कीम) जिस व्यक्ति को विकलांगता है, उसकी **व्यक्तिगत आवश्यकताओं और लक्ष्यों में सहायता** करने के लिए **आर्थिक सहायता** प्रदान करती है
- NDIS उन लोगों के लिए है जिन्हें **स्थायी और महत्वपूर्ण विकलांगता** है
- NDIS व्यक्ति को **"उचित और आवश्यक" सहायताएँ** खरीदने में मदद करती है
- NDIS जिन व्यक्तियों को विकलांगता है उन्हें अपने जीवन में **पसंद** और **नियंत्रण** प्रदान करती है
- NDIS व्यक्ति की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी व व्यक्तिगत **स्वतंत्रता** को बढ़ाने में मदद करती है
- NDIS **निःशुल्क** है ।

मेरा NDIS मार्ग (pathway)

NDIS मार्ग अनेक चरणों की एक श्रृंखला है जिसे NDIS का एक नया भागीदार बनने में आपकी मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है:
https://www.ndis.gov.au/participants

NDIS क्या है?	मैं NDIS का लाभ किस प्रकार ले सकता हूँ/सकती हूँ?	मेरी पहली योजना	मेरी योजना शुरू करना	मेरी योजना की समीक्षा करना

सूचना अनेक भाषाओं में उपलब्ध है: https://www.ndis.gov.au/languages

SSI settlementservices international

कौन पात्र है?

1. **ऑस्ट्रेलिया** में रहता हो
2. **0 और 65 वर्ष** के बीच की आयु का हो
3. **ऑस्ट्रेलिया का नागरिक हो, स्थायी निवासी हो** या उसके पास **एक संरक्षित विशेष श्रेणी का वीज़ा** हो
4. **उसमें कोई ऐसा दुर्बलता या स्थिति है जिस की स्थायी (आजीवन) बने रहने की संभावना है** और जो दैनिक कार्यों को स्वयं करने की उसकी क्षमता को सीमित कर देती है।

NDIS एक्सेस (सहायता प्राप्त करने के लिए) चेकलिस्ट (: https://www.ndis.gov.au/applying-access-ndis/am-i-eligible

स्थायी और महत्वपूर्ण विकलांगता

स्थायी विकलांगता का अर्थ है कि यह विकलांगता आपको जीवन भर रहने की संभावना है।

महत्वपूर्ण विकलांगता प्रतिदिन की जाने वाले कार्यों को करने की आपकी क्षमता को प्रभावित करती है।

उचित और आवश्यक सहयोग

उचित और आवश्यक सहयोग आपको अपने लक्ष्यों और सपनों को आगे बढ़ाने, अपनी स्वतंत्रता का निर्माण करने, अपनी सामाजिक, आर्थिक और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने में और एक सामान्य जीवन जीने में आपकी मदद करते हैं।

जो सहायताएँ शामिल हैं:

> जो आपकी विकलांगता से संबंधित हैं

> जो प्रभावी और फायदेमंद हैं

> ऐसी हैं जिन पर खर्च करके लगता है कि पैसे की क़ीमत वसूल हो गई है

> किसी अन्य सिस्टम द्वारा वित्त पोषित नहीं हैं।

रोज़गार – नौकरी ढूँढना, प्राप्त करना और बनाए रखना

शिक्षा – शिक्षा प्राप्त करना (जैसे स्कूल, TAFE या विश्वविद्यालय)

रहने की व्यवस्था – इसमें घर में आसानी से प्रवेश करने के लिए रैंप, शौचालय आदि जैसे घरेलू संशोधन शामिल हैं

स्वास्थ्य और कल्याण – विशेषज्ञों के पास जाना (जैसे कि फ़िज़ियोथिरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञ, परामर्शदाता), साथ ही कोई हो जो यह सुनिश्चित करे कि आप एक स्वस्थ जीवन शैली जीते/जीती हैं

सामाजिक भागीदारी – स्थानीय गतिविधियों में भाग ले पाना और स्थानीय सामुदायिक समूहों का पता लगाना

स्वतंत्रता – अपना ख्याल रखना

पारिवारिक संबंधों और **सांस्कृतिक विश्वासों** को बनाए रखना

सहायताएँ जो शामिल नहीं हैं:

> दैनिक जीवन की लागतें जो विकलांगता संबंधी सहायता की आवश्यकताओं से संबंधित नहीं हैं

> सहायताएँ जो पहले से ही अन्य सेवा प्रणालियों के माध्यम से वित्त पोषित हैं

> ऐसी सहायताएँ जिनसे किसी व्यक्ति को चोट पहुँचने या जिनसे दूसरों को ख़तरा होने की संभावना है

आपके सेवाएँ प्राप्त करने के अनुरोध का समर्थन करने के लिए जानकारी एकत्रित करना

- परिवार और दोस्तों से बात करें
- अपने लक्ष्यों और उन सहयोगों को लिख लें जिनकी आपको आवश्यकता है
- अपना सहायक व्यक्ति चुनें
- सभी प्रासंगिक दस्तावेज़ और रिपोर्ट (प्रमाण के रूप में) इकट्ठा करें।

अपना प्रमाण प्रदान करना

- एक्सेस रिक्वेस्ट फ़ॉर्म (Access Request Form)
- NDIS सपोर्टिंग एविडेंस फ़ॉर्म। (NDIS Supporting Evidence Form)

स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर जो मदद कर सकते हैं

- सामान्य चिकित्सक
- ऑक्युपेशनल थिरेपिस्ट्स
- स्पीच पैथॉलॉजिस्ट्स
- मनोवैज्ञानिक
- फ़िज़ियोथिरेपिस्ट्स।

टिस अनुवाद व दुभाषिया सहायता (TIS Translating Interpreting Support) नेशनल

टिस नेशनल उन लोगों के लिए दुभाषिया सेवा है जो NDIS जैसी उपलब्ध सेवाओं को प्राप्त करने के लिए अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा का उपयोग करना पसंद करते हैं।
इसमें शामिल हैं:

- फ़ोन पर तत्काल दुभाषिया सेवा
- पहले से बुक की गई फ़ोन इंटरप्रेटिंग
- साइट पर दुभाषिया सेवा।

दुभाषिया प्राप्त करना

- **131 450** पर TIS National को फ़ोन करें या NDIS से **1800 800 110** पर बात करने के लिए कहें ।
- TTY का उपयोग करने के लिए: **1800 555 677** पर फ़ोन करें
- दुभाषिया सेवाएँ **निःशुल्क** हैं
- दुभाषिए बोले गए शब्दों का मौखिक अनुवाद करते हैं और **सलाह नहीं देते हैं**
- NDIS प्लानर्स, अर्ली चाइल्डहुड अर्ली इंटरवेंशन सर्विसेज, LAC सर्विसेज या सपोर्ट को-ऑर्डिनेटर आपको दुभाषिया खोजने या बुक करने में मदद कर सकते हैं।

समुदाय द्वारा प्रदान की जाने वाले सहयोग

- अस्पताल, जीपी और अन्य चिकित्सा सेवाएँ
- शैक्षिक सेवाएँ
- सेंटरलिंक और भुगतान
- अन्य सामुदायिक सेवाएँ।

सेंटरलिंक भुगतान और NDIS पैकेज

सेंटरलिंक से मिलने वाले लाभ और भुगतान NDIS पैकेज के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता से पूरी तरह अलग हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप सेंटरलिंक से विकलांगता सहायता पेंशन प्राप्त करते/करती हैं तो NDIS पैकेज इसके अतिरिक्त होगा।

> **“सुनिश्चित करें कि NDIA (एनडीआइए) के साथ बैठकों में आपका सहायक व्यक्ति आपके साथ उपस्थित होगा।”**

मल्टीकल्चरल पीयर सपोर्ट नेटवर्क (एम पी एन) सेटलमेंट सर्विसेज इंटरनेशनल (एस एस आई) की एक पहल है। इस परियोजना को ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट ऑफ सोशल सर्विसेज द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

www.ssi.org.au/services/disability-services/multicultural-peer-network

SSI settlementservices international